हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री



10 स्कूलों में जनप्रतिनिधियों ने जांची शिक्षा गुणवत्ता



12 युवा महोत्सव में 193 युवाओं ने दिखाई प्रतिभा




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप



### खाद्य विभाग की टीम ने अनहाईजिन पनीर पकड़ा

**भाटापारा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच और निरीक्षण किया गया। शहर स्थित फर्म मेसर्स साक्षी डेयरी, मुंशी स्माइल वार्ड बलौदाबाजार रोड भाटापारा व मेसर्स राधे डेयरी, पटपर रोड भाटापारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साक्षी डेयरी में अस्वास्थ्यकर दशाओं में पनीर, दही व अन्य दुग्ध उत्पादों का भंडारण पाया गया। खाद्य पदार्थ को ढकने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी तथा पनीर को अनहाईजिन स्थिति में बनाया जा रहा था, जिसके लिए फर्म के प्रोप्राइटर को सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया। प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सतनाम संदेश शोभा यात्रा आज



**बलौदाबाजार।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर 17 दिसम्बर को सतनाम संदेश शोभायात्रा महंत नयन दास स्मृति स्थल से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी। बता दें कि गुरु घासीदास बाबा ने भेदभाव और ऊंच-नीच को दूर करने के लिए मनखे मनखे एक समान यानी कि सभी इंसान एक समान बराबर हैं का संदेश दिया था। शोभा यात्रा में बाबा की जयंती पर उनके अनुयायी गुरु घासीदास बाबा का यही संदेश दुहराएंगे।

# शहर के 107 पात्र हितग्राहियों का आवास निर्माण के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में पीएमएवाय यू 2.0 के घटक अंतर्गत आवास का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत प्राप्त आवेदन की स्वीकृति उपरांत आवास बनाए जाने नगर पालिका द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 107 पात्र हितग्राहियों की स्वीकृति राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा प्रदान किया गया है, जिसमें से 107 ग्राहियों को निर्माण कार्य बाबत 52 किस्त कुल राशि 35 लाख का भुगतान किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों को आवास निर्माण की बकाया राशि भुगतान के लिए प्रकरण तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित किया जा रहा है, जिससे समय पर आवास योजना की राशि प्रदान किया जा सके। उक्त जानकारी आवास प्रेरक मुकेश लहरे द्वारा दी गई है। 2.0 के निर्माणाधीन आवासों को नियमानुसार निर्माण किये जाने पर शत-प्रतिशत राशि भुगतान की जाएगी, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कुछ हितग्राहियों का आधार लिंक संबंधित समस्या आ रही थी, उसका भी निकाय द्वारा साइड परीक्षण कर समाधान किया जा रहा है और निकाय में हितग्राहियों को अनुदान के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध है व किसी भी हितग्राही को राशि भुगतान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी व वर्तमान में आवास निर्माण के आवेदन लिए जा रहे हैं, आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

### 41 हितग्राहियों को अब तक 35 लाख का भुगतान हुआ




#### प्रधानमंत्री आवास योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा केंद्र व राज्य शासन के महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए जमीन से सम्बंधित भू-अधिकार,पट्टे की प्रति व आवेदन की प्रति निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर आवास योजना का लाभ नगर के लोग अधिक से अधिक संख्या में प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने अर्बन अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में दिए गए शासन द्वारा लक्ष्य के अनुरूप पीएम आवास योजना का निर्माण आवश्यक है, जिसमें अधिक से अधिक हितग्राही शासन की योजना का लाभ उठाते हुए पक्के घर का निर्माण कर सके, इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

### मनरेगा में डिजिटल पारदर्शिता और जवाबदेही को मिलेगी नई मजबूती

# मनरेगा कार्यों की प्लानिंग अब युक्तधारा पोर्टल पर जीआईएस तकनीक से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में युक्तधारा पोर्टल पर जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत प्लान की एंट्री की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत का युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य योजना तैयार की जा रही है।

जिले के सभी 5 जनपद पंचायतों के समस्त ग्राम पंचायतों में योजनांतर्गत सभी कार्य अब जीआईएस आधारित युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से योजना बनाकर क्रियान्वित किये जायेंगे, जिससे मनरेगा के कार्यों को अधिक पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी तरीके से कराया जा सकेगा। युक्तधारा के पोर्टल के सफल कियान्वयन से मनरेगा में डिजीटल पारदर्शिता और जवाबदेही को नयी मजबूती मिलेगी, जिससे ग्रामीण विकास को नयी दिशा मिलने की उम्मीद है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 से मनरेगा के सभी कार्यों को युक्तधारा पोर्टल पर अनिवार्य कर दिया गया है। इसी क्रम में जिले के 519 ग्राम पंचायतों में युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस आधारित प्लान एवं परिसंपतियों का भौतिक सत्यापन करते हुए अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से कार्यों का चयन स्थल के उपयुक्तता के आधार पर कार्य योजना तैयार कर अक्षांश एवं देशान्तर के साथ अपलोड कर दिया गया है। अब भविष्य में ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य ग्राम सभा से अनुमोदन कराकर युक्तधारा पोर्टल में एंट्री उपरांत ही प्राथमिकता क्रम के अनुसार कार्यों की स्वीकृति दी जायेगी। जिले में प्राकृतिक संसाधन, संवर्धन, जल संरक्षण एवं कृषि से जुडे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है जिससे ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिलेगी। युक्तधारा पोर्टल पर जीआईएस एवं सेटेलाईट मैपिंग के माध्यम से क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का सटीक विश्लेषण किया जा सकेगा। इससे जल संरक्षण, भूमि विकास, वनीकरण जैसे कार्यों की वैज्ञानिक और प्रभावी योजना बनाना संभव होगा। इस पहल से परिसंपत्तियों का निर्माण, ग्राम पंचायत स्तर पर डाटा आधारित निर्णय, योजनाओ में दोहराव की रोकथाम तथा कार्यों की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# बात करने से मना किया तो छात्रा पर जानलेवा हमला, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां स्कूल से घर लौट रही एक 18 वर्षीय छात्रा पर गांव के ही एक युवक ने धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

- स्कूल से लौटने के दौरान धारदार हथियार से मारा

पुलिस से मिल ी जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेंद्र ध्रुव निवासी ग्राम भोथीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री 15 दिसंबर को दोपहर लगभग 2 बजे अपनी सहेली के साथ हायर सेकंडरी स्कूल नवागांव पढ़ने गई थी। छुट्टी होने के बाद जब वे दोनों घर वापस आ रहे थे, जैसे ही वे नहर पार पहुंचे, गांव के ही मुकेश यादव ने उनका रास्ता रोक लिया। जहां आरोपी मुकेश यादव ने अपने पास रखे धारदार चाकू से छात्रा के गले, पीठ, कमर आदि जगहों पर



ताबड़तोड़ वार करते हुए प्राणघातक चोट पहुंचाया।

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश यादव पिता बैशाखू 20 वर्ष को पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने प्रार्थी की पुत्री को बात करने के लिए बोला था, लेकिन उसके द्वारा मना करने पर वह आवेश में आ गया और अपने पास रखे चाकू से उसने छात्रा के गले और कमर पर प्राणघातक हमला करना स्वीकार किया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 109, 126(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले को विवेचना में लिया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आया युवक, मौत

**भाटापारा।** नगर से लगे ग्राम देवरी में बीते सोमवार की रात लगभग 8.30 बजे पुलिया के पास एक सड़क हादसा हुआ। एक अज्ञात वाहन ने लापरवाही वाहन चलाते हुए ग्राम के भीमा साहू पिता मयाराम साहू को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। ग्रामीण थाना के यशवंत सिंह ने बताया कि मृतक भीमा साहू अपनी मोटरसाइकिल से गांव में घूम रहा था। इसी दौरान गांव के नजदीक पुलिया के पास यह दुर्घटना घटित हुई। बताया जाता है कि टक्कर मारने वाले ट्रक या हाईवा के पहिए ने मृतक को कुचल दिया, जिससे उसके शरीर का पेट वाला हिस्सा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसकी तत्काल मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की विवेचना शुरू की। पुलिस अज्ञात वाहन के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस समय यह दुर्घटना हुई, उसी समय एक ट्रक-हाईवा को वहां से तेजी से जाते हुए देखा गया था। फिलहाल, पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।


### जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
### सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर



बाजार मूल्य ₹ ~~299~~ प्रति पीस वाले

लेडिस जेगिंग्स

प्लेन एवं प्रिंटेड

2 पीस ₹99 में 2 पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

सिटी सेंटर, भाटापारा
बलौदा बाजार रोड, खरोरा • इंडस इंड बैंक के सामने, बिलासपुर रोड, सिमगा

*condition apply

## खबर संक्षेप



### पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीकृत सात हितग्राही सम्मानित

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकृत 7 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। हितग्राही बेदुराम सेन एवं विजय कुमार श्रीवास को नाई, टिकेश्वर कुमार साहू, कुमार वर्मा एवं कृष्णा यादव को राजमिस्त्री, शिवकुमार सोनी को सोनार एवं कृष्णा साहू को टेलर की प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी अंतर्गत रकबा समर्पण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि साख सहकारी समिति कुम्हारी के समिति प्रबंधक समिति प्रबंधक रामेश्वर वर्मा एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर देवेंद्र कुमार साहु को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पीएम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्रदान करना, कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, आधुनिक औजार एवं टूल किट प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है।

### मनरेगा नाम बदलने का कांग्रेस करेगी विरोध

**कसडोल**। जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शेर सिंह ध्रुव ने केंद्र की मोदी सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि



मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों और मजदूरों के लिए संजीवनी साबित हुआ है, लेकिन नई नीतियों और बदलावों की आड़ में इसे कमजोर किया जा रहा है। श्री ध्रुव ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने वाला कानूनी अधिकार है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस कानून के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ की गई, तो ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ेगी और मजदूरों को मजबूरी में पलायन करना पड़ेगा। मनरेगा के नाम में बदलाव और महात्मा गांधी का नाम हटाने की चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए ध्रुव ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना महापुरुषों का अपमान है और यह गरीबों के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी कदम के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और सड़कों से लेकर संसद तक पुरजोर विरोध करेगी।

## निधन

### संतोष शर्मा

**सिमगा**। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक



संतोष शर्मा का 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को दोपहर में शिवनाथ नदी तट किनारे मुक्तिधाम में किया गया। वे नितेश नीरज एवं नीता शर्मा के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सुलेखा नागदोने

**सुहेला**। स्थानीय तहसील



कार्यालय में पदस्थ माल जमादार सुलेखा नागदोने 50 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे डाली, साक्षी और विक्की की मां तथा स्व. रमेश नागदोने की पत्नी थीं।

# सरकार को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं : शैलेश त्रिवेदी

**कांग्रेस के शैलेश त्रिवेदी ने सरकार पर लगाये आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला की मासिक बैठक में पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि जनता महंगाई के मार से त्रस्त है, मगर भाजपा की साय सरकार को जनता के परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। वह सिर्फ नए नए शराब दुकान खोलने में व्यस्त है। भूपेश सरकार के समय शराब बंदी का भारी विरोध करने वाली भाजपा सरकार आज शराब को बढ़ावा दे रही है। शराब दुकानों में ओभर रेट में शराब बेचने के साथ ही इसका विरोध करने पर शराब दुकानों के पाले हुए गुर्गों द्वारा सीधे मार पिट पर उतर जाते हैं, जिससे लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि हम नए-नए खुलने वाले सभी शराब दुकानों का विरोध करते हैं। हथबंद जोन प्रभारी लखन वर्मा ने कहा की हदबंद में खुलने वाले शराब दुकान का हम सब पुरजोर विरोध करते हैं। कार्यक्रम को हरीश वर्मा जिला प्रवक्ता डॉ. अयाज अहमद फारुकी, संतोष चंद्राकर, सालिक सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुहेला जोन प्रभारी गजेंद्र वर्मा और आभार प्रदर्शन विनोद साहू ने किया। कार्यक्रम में बिहारी खुटे, प्रदीप निर्मलकर, भानु वर्मा जनपद सदस्य, रामखिलावन शर्मा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, बलराम वर्मा, परमेश्वर बाघमार, दुष्यंत जोशी बैशाखू बंजारे सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



**ऑनलाइन टोकन के लिए चक्कर लगा रहे किसान**

त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान धान बेचने के लिए टोकन सिस्टम से परेशान है। बहुत से किसानों को ऑनलाइन से परेशानी है, वह ऑनलाइन टोकन के लिए चक्कर लगा रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भूनेश्वर वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में शराब को बढ़ावा देने के लिए जगह-जगह शराब दुकान खोला जा रहा है। हथबंद सहित सभी नए शराब दुकानों का ब्लॉक कांग्रेस सुहेला विरोध करती है। इसके लिए हम चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। साथ ही भूनेश्वर वर्मा ने पडकीडीह से हिरमी सड़क सहित सुहेला में बन रही सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाया और कहा कि सड़कों में भारी अनियमितता बरती जा रही है जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

### पंचायतों एवं नगरीय निकायों में होगा शिविर का आयोजन


# गुड गवर्नेंस वीक : प्रशासन गांव की ओर 19 से 25 दिसम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत चिन्हांकित पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर आयोजित होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में सुशासन सप्ताह अंतर्गत शिविर के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिये।

इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, समय -सीमा से सम्बधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये।

बताया गया कि सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत 19 दिसम्बर को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहोद, भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा, सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा, पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में शिविर आयोजित होगा। इसी तरह 20 दिसम्बर को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत मरदा, भाटापारा के ग्राम पंचायत अमलीडीह, सिमगा के ग्राम पंचायत हथबंद, पलारी के ग्राम पंचायत वटगन एवं कसडोल के ग्राम पंचायत बेरसी, 23 दिसम्बर को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत रसेड़ी, भाटापारा के ग्राम पंचायत करहीबाजार, सिमगा के ग्राम पंचायत कोलिहा, पलारी के ग्राम पंचायत मुड़पार एवं कसडोल के ग्राम पंचायत गिरौद, 24 दिसम्बर को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी, भाटापारा के ग्राम पंचायत निपनिया, सिमगा के ग्राम पंचायत सुहेला, पलारी के ग्राम पंचायत बलोदी एवं कसडोल के ग्राम पंचायत सोनाखान में आयोजित होगा। शिविर के सुचारु संचालन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के लिये नोडल अधिकारी जनपद सीईओ एवं नगरीय क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।





**अवैध धान पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश**

कलेक्टर सोनी ने कहा कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करना है एवं उनके समस्याओं का समाधान करना है। शिविर के नोडल अधिकारी प्रतिदिन शिविर की जानकारी निर्धारित प्रारूप में जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगे। उन्होंने बैठक में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए अवैध धान पर सख्त कार्रवाई करने, धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिये। राजस्व के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने तथा स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र तैयार करने के निर्देश दिये।

# धान बिक्री करने वाले किसानों को अब तक 526 करोड़ का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारु रूप से संचालित है। 129 सहकारी समिति के माध्यम से 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है। अब तक 52071 किसानों से 238451 मेट्रिक टन धान खरीदी हुई है, जिसके एवज में किसानों को 526 करोड़ का भुगतान किया गया है।

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा के लिये सभी समितियों में माइक्रो एटीएम स्थापित किये गए हैं जिससे किसानों को नगद आहरण की सुविधा मिल रही है। किसानों की दैनिक जरूरतों और व्यावहारिक चुनौतियों को समझते हुए अब तुहर टोकन ऐप को 24×7 उपलब्ध कराया गया है। अब किसान अग्रिम टोकन प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समितियों में भीड़, तकनीकी दबाव और अंतिम समय की हड़बड़ी जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। इससे न केवल किसानों का समय बचेगा, बल्कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया भी अधिक सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी। राज्य सरकार ने लघु एवं सीमांत किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए एक विशेष निर्णय भी लिया है। 2 एकड़ अथवा उससे कम रकबा वाले किसान 31 जनवरी तक तुहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन ले सकेंगे।

- **समिति में माइक्रो एटीएम से नगद आहारण की भी सुविधा**

### छुईहा पंचायत ने मितानिनों का साड़ी और श्रीफल भेंट कर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ग्राम पंचायत छुईहा में सेवा और समर्पण की मिसाल कायम करने वाली मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं रसोइयों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण स्वास्थ्य, पोषण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रही महिलाओं को साड़ी, श्रीफल तथा भारत माता का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मितानिन कौशिल्या सोनवानी, सुकृता टंडन, गंगा बाई बंजारे, राजिम नाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला बंजारे, रसोइया संतोषी सहित अन्य कार्यकर्ताओं को सम्मान प्रदान कर उनके निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की गई।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण समाज की रीढ़ हैं, जो स्वास्थ्य जागरूकता, मातृ-शिशु देखभाल और पोषण सुधार सेतु का कार्य करती हैं। इनके बिना सशक्त और स्वस्थ ग्राम की परिकल्पना अधूरी है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत छुईहा के सरपंच धनीराम बंजारे, उपसरपंच डोरीलाल भैना, सचिव मकरध्वज चौहान सहित पंचगण महेंद्र कुमार कैवर्त, सुनीता भैना, पार्वती भैना, हेमलता सांडे, भगत कुमार, जितेंद्र कुमार महिलांगे, राजेंद्र कुमार टंडन, गनेशी भानु, महेशमति गोड़, नानबाई साहू, आरती रात्रे, लक्ष्मीकांत भैना, ललिता सिदार, राजकुमार जांगड़े तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# रबी की खेती वैज्ञानिक पद्धति से करने किसानों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम घिरघोल में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजना के तहत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में सरपंच विष्णु दास वैष्णव, राहुल चंद्राकर भाजपा, सुकालू राम यदु शामिल हुए। उक्त प्रशिक्षण में कृषकों को मुख्य रूप से रबी फसलों को जानकारी दलहन एवं तिलहन फसलों के वैज्ञानिक विधि से खेती करने के विस्तृत जानकारी, लघु धान्य फसल की उपयोगिता, खेतों में पड़े पैरा पराली को नहीं जलाने व उनके उचित प्रबंधन करने के लिए बेस्ट बायो डीकंपोजर को बनाने के बारे में बताया गया।

कृषकों को जैविक खेती को अपनाने के साथ साथ जैविक कीटनाशक, ब्रह्मास्त्र, निर्मास्त्र, बीजमृत, जीवामृत को बनाने की क्रियाविधि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कृषकों को फसल बीमा करवाने के लाभ, बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़ने के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक पारस नाथ ध्रुव सेवा निवृत्त कृषि विकास अधिकारी, विकास खण्ड पलारी के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गजानंद तारम, कृषि विकास अधिकारी सुचिन वर्मा, क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजू कुमार टाण्डे, आत्मा योजना के विकास खण्ड तकनिकी प्रबंधक पुष्पांजलि बंजारे, सहायक तकनिकी प्रबंधक योगेश कुमार, अश्वनी साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा किसान मित्र भी उपस्थित हुए।



### शिव महापुराण कथा 20 से

**खल्लारी**। विकासखंड बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम भटगांव (नरतोरा) में महिला समूह व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 20 से 24 दिसम्बर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक पं. डिगेश्वर प्रसाद तिवारी होंगे। साथ ही परायणकर्ता पं. गोपाल तिवारी बीकेबाहरा (खल्लारी) होंगे। पहले दिन शनिवार 20 दिसम्बर को कलश यात्रा, गौरी पूजन, देवराज कथा, 21 दिसम्बर को शिवलिंग महिमा व त्रिपुण धारणा, रूद्र महिमा, 22 दिसंबर को नारद मोह जलधर वध, 23 दिसम्बर को सति चरित्र, पार्वती जन्म, शिव विवाह, 24 दिसम्बर को बारह ज्योतिर्लिंग कथा, हवन, पुर्णाहुति, शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# आवश्यकता वाले बच्चों के लिये लगा चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के मनोविकास केंद्र में सोमवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रसिद्ध न्यूरो साइकियाट्रिस्ट डॉ. सुरभि दुबे उपस्थित रहीं। शिविर में उन बच्चों का मूल्यांकन किया गया, जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य या मनोरोग संबंधी परामर्श की आवश्यकता थी तथा उन्हें और उनके अभिभावकों को आवश्यक दवाओं और उपयुक्त मार्गदर्शन के साथ सहायता प्रदान की गई। बच्चों के साथ उनके माता-पिता ने भी इस शिविर में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

डॉ. दुबे ने अभिभावकों के साथ बैठक के संवाद किया, जिसमें उन्होंने बच्चों के विकासात्मक चरणों को सरल भाषा में समझाया, घर पर बच्चों को बेहतर सहयोग कैसे दिया जाए, इस पर व्यवहारिक सुझाव साझा किए तथा सकारात्मक और संवेदनशील पालन-पोषण के तरीकों पर प्रकाश डाला। अभिभावकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उनकी आवश्यकता के अनुसार समाधान किया गया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किये गए मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास के लिए एक अत्याधुनिक दिव्यांग पुनर्वास केंद्र है। केंद्र में शिक्षा, चिकित्सा, थेरेपी और खेलकूद जैसी सेवाओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशल को विकसित किया जाता है। साथ ही माता-पिता को मार्गदर्शन देकर बच्चों के लिए संवेदनशील और सहयोगी वातावरण सुनिश्चित किया जाता है।



**बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता पर दिया गया विशेष जोर**

# स्कूलों में जनप्रतिनिधियों ने जांची शिक्षा गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत संकुल केंद्र अड़सेना के हाई स्कूल एवं नवीन प्राथमिक शाला अड़सेना भूलनडबरी का निरीक्षण शिवशंकर वर्मा सदस्य जनपद पंचायत तिल्दा-नेवरा ने किया। इसी तरह नवीन प्राथमिक शाला अड़सेना डीहपारा व प्राथमिक शाला अड़सेना का निरीक्षण सरपंच ग्राम पंचायत अड़सेना डॉ. तेजराम पाल द्वारा एवं पूर्व माध्यमिक शाला मोंहदी का निरीक्षण एसएडीओ कृषि विभाग रस्तोगी द्वारा किया गया। सहयोगी संकुल समन्वयक भोला प्रसाद वर्मा सहित सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार खुंटे, एसएमसी अध्यक्ष गौकरण देवांगन उपस्थित थे। इस दौरान जनपद सदस्य शिवशंकर वर्मा ने कहा कि बच्चों को सही शिक्षा व सहयोग मिले तो बहुत आगे जा सकते हैं। बच्चें देश का भविष्य है इसलिए उनकी शिक्षा में गुणवत्ता लाना आवश्यक है। प्रत्येक शिक्षक पूर्ण समर्पण भाव से बच्चों पर ध्यान दें, सरपंच तेजराम पाल ने कहा कि बच्चे हमारे हैं जिस प्रकार से हम अपने बच्चे की शिक्षा चाहते हैं वैसे ही इन बच्चों को भी शिक्षा दें, किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो हमें अवगत कराएं हम उच्च स्तर पर बात को रखेंगे।

संकुल प्रभारी प्राचार्य विद्या निगम ने आश्वासन दिया कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे और हम सब मिलकर संकुल को उत्कृष्ट बनाएंगे। संकुल समन्वयक भोला प्रसाद वर्मा ने शिक्षा गुणवत्ता, विद्यालय की मूलभूत सुविधाएं और आवश्यक सुधारों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। संकुल केन्द्र अड़सेना से प्राथमिक शाला अड़सेना प्रधान पाठक भेनुमति वर्मा, प्रधान पाठक, नवीन प्राथमिक शाला अड़सेना सुनीता वर्मा, नवीन प्राथमिक शाला अड़सेना, भूलनडबरी प्रधान पाठक अनीता वर्मा, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला मोंहदी अनिता नाग परमार, शिक्षक जितेन्द्र कुमार सोनवानी, ममता वर्मा, भूनेश्वरी साहू, शगुफ्ता सुल्ताना, बीपी नायक आदि समस्त शिक्षकों ने विद्यालय में शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया।



### सीमेंट वर्क कर्मचारियों के वार्षिक समारोह में गीत-नृत्य की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

हिरमी सीमेंट वर्क में वेज बोर्ड कर्मचारियों द्वारा वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की भागीदारी रही।

मुख्य अतिथियों के उद्बोधन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को आकर्षक बनाया। समारोह में बच्चों की पारंपरिक गीत-नृत्य प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहा। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सम्मान कर उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति द्वारा सभी सहयोगियों एवं उपस्थित कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
12 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
शोले री रीलीज
शो समय - 11:45 PM
धुरंधर
शो समय - 12:00,3:00, 6:45, 9:00 PM
किस किस को प्यार करू- 2
शो समय - 3:45 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# दाऊ कल्याण महाविद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

## धार्मिक, औद्योगिक एवं व्यावसायिक स्थलों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा 14 दिसम्बर को विद्यार्थियों के शैक्षणिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण वाणिज्य विभागाध्यक्ष नरेन्द्र देव मिर्झा एवं विभाग के प्राध्यापकों मोहन लाल वर्मा, योगेंद्र कुमार कंवर एवं योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में हुआ। भ्रमण में लखनी देवी मंदिर, खूंटाघाट जल सरोवर, रतनपुर महामाया मंदिर, रामा मैग्नेटो मॉल दिखाया गया। भ्रमण में वाणिज्य संकाय के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।



### प्राचार्य ने की विभागीय प्रयास की सराहना

विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यावसायिक, औद्योगिक एवं वित्तीय संस्थानों का भ्रमण किया, जहां उन्हें व्यापारिक गतिविधियों, लेखांकन प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई। संबंधित संस्थानों के अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वाणिज्य से जुड़े अनेक व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। प्राध्यापकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की सैद्धांतिक जानकारी को व्यवहार में समझने का अवसर मिलता है। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त कर इसे चिरस्मरणीय बताया। भ्रमण का समापन सभी विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी के साथ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एआरसी जेम्स ने वाणिज्य विभाग के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।



## खबर संक्षेप

### दृष्टि कार्यक्रम में छात्रों को बांटा गया निःशुल्क चश्मा



**खरोरा।** जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित दृष्टि कार्यक्रम के तहत पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर सहायता प्रदान करना है, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। कार्यक्रम के दौरान शाला की प्रधान पाठक सुश्री जीरा पाध्याय सहित चंद्रशेखर साहू, रामकरण वर्मा, दुर्गेशनंदिनी, सोनाली शर्मा एवं विद्या वर्मा उपस्थित थीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को चश्मा वितरित करते हुए नियमित रूप से चश्मा पहनने और आंखों की देखभाल करने की सलाह दी।

### प्राथमिक स्कूल का सामाजिक अंकेक्षण पूर्ण



**खरोरा।** प्राथमिक शाला नायकटांड़, संकुल केन्द्र खरोरा में सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया गया। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी ने निरीक्षण किया और कुछ बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किए। अध्यक्ष सोनी ने बच्चों को राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने के लिए एक महत्वपूर्ण नारा दिया –राष्ट्रहित में पढ़ना है, जीवन अपना गढ़ना है। एवं विद्यालय में शिक्षकों के कार्य की सराहना की। अध्यक्ष ने अंकेक्षण कार्य करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए चॉकलेट भी वितरित किया। साथ में भविष्य में आगे बढ़ने प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह वर्मा, शिक्षक नारायण प्रसाद देवांगन, रामेश्वर कुमार ध्रुव एवं रसोइया कुमारी वर्मा, रुखमणी वर्मा भी उपस्थित थीं।

## विजेताओं को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने का मिलेगा मौका

# युवा महोत्सव में 193 युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित योग भवन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। पूरे जिले से लगभग 193 युवाओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया और यहां से चयनित युवा अब राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा उत्सव का शुभारंभ भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी ने किया।प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किए युवाओं को डिप्टी कलेक्टर सीमा ठाकुर ने पुरस्कृत किया। इस अवसर वंदना तिवारी, शिव कुमार बांधे, ईश्वर लाल साहू, हरबंश निषाद, शमनी सिंह ठाकुर, श्चन्द्रप्रभा ध्रुव, अनुराधा श्रीवास्तव, आमिर हैदर, योगेश थोराट, सी.आर. साहू, अरूण कुमार साहू एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।









### छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं विज्ञान विकास की मिली झलक

खेल अधिकारी प्रीति बंछोर ने बताया कि जिले के विकासखंडों से पंजीकृत युवाओं ने जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लिया। युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ संस्कृति से संबंधित नृत्य संगीत के साथ विज्ञान विकास को प्रदर्शित किया गया। लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड विधाओं में जिले के युवाओं ने प्रदर्शन किया। सामूहिक लोकनृत्य में तामेश्वरी एवं साथी ने प्रथम स्थान, सुआ नृत्य में कही देबे संदेश समिति पलारी ने प्रथम स्थान, लोकगीत में हितेश वैष्णव समूह ने प्रथम स्थान एवं सरगम म्यूजकि ने द्वितीय स्थान, वाद-विवाद में दीपक कुमार तिवारी ने प्रथम एवं श्रद्धा त्रिपाठी, कहानी लेखन में श्रेया मिश्रा ने प्रथम एवं पुष्पांजली देवांगन द्वितीय स्थान, चित्रकला में सौम्या देवांगन ने प्रथम एवं योगेश निर्मलकर ने द्वितीय स्थान, कविता लेखन में चंदन निर्मलकर ने प्रथम स्थान एवं गोदावरी साहू ने द्वितीय स्थान, नवाचार में गुरूकुल स्कूल बलौदाबाजार के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, एकांकी नाटक में शा. हाई स्कूल चरौदा के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, पारंपरिक वेशभूषा में सोनल वर्मा ने प्रथम स्थान एवं नसरीन मिश्रा ने द्वितीय स्थान व रॉक बैंड में अंबुजा विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान एवं स्वर एस.ओ.सी. ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा।

# सशिमं में आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। इसका आयोजन वर्ग प्रमुख सीमा पंसारी एवं वर्ग सहायक यशवनी निषाद के मार्गदर्शन में हुआ। वर्ग का पहला कालखंड वाद्य यंत्र के साथ प्रार्थना एवं गीत अभ्यास के साथ हुआ। प्रार्थना में सभी आचार्य दीदियों ने भाग लिया। दूसरे कालखंड में अश्विनी पाटकर (प्राचार्य) द्वारा परीक्षा संबंधी आगामी योजना के लिए चर्चात्मक विषय रखा, जिसमें कमजोर बच्चों की स्थिति को कैसे सुधारा जाए, पाठ्यक्रम को कैसे पूर्ण करना, प्रयोगात्मक परीक्षा कैसे लेना, परीक्षा फल में सुधार कैसे किया जाए आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। वर्ग के तृतीय कालखंड में प्रधानाचार्य संजय वर्मा एवं परीक्षा प्रमुख कंचन वर्मा द्वारा अभिलेख कैसे तैयार करें, विषय पर प्रकाश डाला। अभिलेख की जानकारियां भी प्रदान की गई। चतुर्थ कालखंड में प्रधानाचार्य संजय वर्मा एवं आचार्य यशवनी निषाद द्वारा योगाभ्यास कराया गया। आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्यों के व्यक्तित्व के सतत विकास के लिए रखा जाता है।



# प्राथमिक स्कूल में लगा संख्या ज्ञान एफएलएन मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्राथमिक विद्यालय खैरा, रोहांसी में पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सर्वोच्च प्राथमिकता निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में बुनियादी सीखने के कौशल को मजबूत करना और इसमें समुदाय तथा अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था। यह पहल बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा की गुणवत्ता समझाने और दैनिक जीवन के क्रियाकलापों के माध्यम से सीखने एवं पढ़ाई को रुचिकर बनाये जाने आयोजित की गई। मेले की मुख्य गतिविधियां मेले में बच्चों के सर्वांगीण



विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न स्टॉल और गतिविधियां आयोजित की गईं, इनमें शारीरिक विकास खेल-आधारित गतिविधियां, बौद्धिक विकास पहेलियां और तार्किक खेल, भाषा विकास साक्षरता कहानी सुनाना, पढ़ना-लिखना और शब्दावली खेल, गणितीय विकास संख्या ज्ञान बुनियादी गणितीय अवधारणाओं को समझने के लिए गतिविधियां, बच्चों का कोना रचनात्मक और कला-आधारित कार्य, अभिभावक उन्मुखीकरण अभिभावकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में घर पर मदद करने के तरीके समझाए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केश राम ध्रुव ने कहा कि बच्चों के मूलभूत सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। एफएनएल मेला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, प्रधानपाठक पुरुषोत्तम लाल यादव ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य 2026-27 तक सभी बच्चों के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करना है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिलीप कुमार साहू ने किया। इस कार्यक्रम में सुरीत, सागर, दिलीप, ओमप्रकाश, गणेश राम, सत्यप्रकाश, भीष्मदेव, कमल, पूरन, सत्या ध्रुव, मिलापा, नंदनी, सावित्री, रुखमनी, पम्पा बाई, दसोदा, नेहा पुन्नी बाई ममता, माहेश्वरी, राजकुमारी, उर्मिला, जानकी, सुमन आदि पालकगण एवं बच्चे शामिल हुए।

# घासीदास जयंती के पहले हुई सामान्य ज्ञान और चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विकासखंड स्तरीय बाबा गुरु घासीदास की जयंती 18 दिसम्बर को मिनीमाता भवन में आयोजित की गई है। विकासखंड स्तरीय जयंती में इस वर्ष 14 दिसम्बर को 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः 1500, 1000, 500 रुपए का पारितोषित गुरु घासीदास जयंती के दिन रात्रि 8 बजे प्रदान किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के रंगोली में प्रथम प्रियंका जांगडे, द्वितीय भूमिका रात्रे एवं तृतीय भावेश बंजारे ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम निधि आडिल, द्वितीय प्रियंका जांगडे, तृतीय सुर्याश डिशुजा ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान में प्रथम सुर्याश डिशुजा, द्वितीय भावेश तथा तृतीय टिकेश बघेल को प्राप्त हुआ। 17 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से मिनीमाता भवन से मोटर सायकिल रैली निकली जायेगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मिनीमाता भवन में समाप्त होगी। 18 दिसम्बर को सुबह 11 बजे गुरु घासीदास बाबा के जैतखाम पर पालो चढ़ाने के साथ शोभा यात्रा प्रारंभ होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मिनीमाता भवन में सभा के रूप में परिवर्तित होगी, जहां पर पंथी नृत्य कार्यक्रम किया जाएगा। शोभा यात्रा एवं मंच में प्रस्तुति देने वाले प्रत्येक पंथी नृत्य दल को 5000 रुपए तथा केवल एक जगह प्रस्तुति देने पर 2500 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। साथ ही प्रबुद्धजनों का उद्बोधन भी होगा। इसके साथ भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सतनामी समाज के जनपद सदस्यों, सरपंचों एवं नगरपालिका भाटापारा पार्षदों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया है। सम्मानित जनप्रतिनिधियों से उक्त तिथि में रात्रि 8 बजे के लगभग मिनीमाता भवन जयंती कार्यक्रम स्थल में पहुंचने की अपील की गई है। गुरु घासीदास जयंती पर संत समाज के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

■ आज सुबह निकाली जायेगी बाइक रैली और कल जैतखाम पर चढ़ाया जायेगा पालो

### खरोरा में निकाली विशाल सतनाम संदेश शोभायात्रा

**खरोरा।** बाबा गुरु घासीदास की 18 दिसंबर को होने वाली जयंती के पूर्व खरोरा परिक्षेत्र स्तरीय एक विशाल और भव्य सतनाम संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा जैतखाम स्थल केशला बाजार चौक से प्रारंभ हुई और विभिन्न वार्डों, चौक-चौराहों और मार्गों से नगर भ्रमण करते हुए सतनाम धाम राजीव नगर में जाकर संपन्न हुई। खरोरा परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों से सतनाम के अनुयायी जैतखाम स्थल केशला बाजार में एकत्र हुए। यहां विधि-विधान से बाबा गुरु घासीदास के श्रीचरणों में मंगल आरती की गई। इसके पश्चात, सात श्वेत ध्वजवाहकों की अगुवाई में यह संदेश यात्रा शुरू हुई।शोभायात्रा में शामिल महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने अपनी पारंपरिक श्वेत वेशभूषा धारण की थी। वे श्वेत झंडे लिए हुए, बाबा गुरु घासीदास के मुख्य सतनाम संदेशों सत्य, अहिंसा, बंधुत्व और मानव-मानव एक समान- को जन-जन तक पहुंचा रहे थे। इस दौरान उत्साहपूर्वक पंथी नृत्यों का प्रदर्शन किया गया और अखाड़ा दलों ने अपना शौर्य प्रदर्शन किया। 18 दिसंबर को मुख्य कार्यक्रम का आयोजनबाबा गुरु घासीदास की जयंती पर, 18 दिसंबर गुरुवार को सतनाम धाम राजीव नगर, खरोरा में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।दोपहर 2 बजे से पंथी नृत्य, गायन प्रदर्शन सहित पवित्र गुरु आसान गद्दी वंदन पूजन, जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाना, सतनाम महाआरती, सम्माननीय जनों का उद्बोधन और इसके पश्चात सतनाम प्रसादी का वितरण किया जाएगा। सतनाम धाम समिति के आयोजकों ने सतनाम संदेश शोभायात्रा और गुरु घासीदास जयंती के मुख्य कार्यक्रम में समस्त मानव समाज से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# महतारी वंदना योजना महिलाओं के आर्थिक विकास में बनी सहायक

**बलौदाबाजार** । राज्य सरकार की महतारी वंदना योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। जिले के ग्राम सकरी निवासी बृजबाई साहू ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत उन्हें अब तक 22 किश्तों में कुल 22,000 रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो चुकी है।



इस राशि का उपयोग वे सब्जी-भाजी, राशन सहित अन्य घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति में कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। बृजबाई साहू ने बताया कि महिलाओं को आगे बढ़ाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अब तक 22 किश्तें जारी की जा चुकी हैं।

# मछुआ संघ के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे पलारी सामाजिक सदस्यों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत में धीवर समाज लवनराज पलारी का युवक युवति परिचय सम्मेलन दतान में शामिल होने छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत लाल मटियारा पलारी पहुंचे, जहां विश्राम गृह पहुंचने पर उनका स्मृति चिन्ह तथा श्री सिद्धेश्वर मंदिर का छायाचित्र भेंट कर स्वागत किया गया। भगत लाल मटियारा ने मुख्य चौराहे पर स्थित वीर शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय हित में किए जा रहे कार्यों का पत्रक एवं भारत माता का छायाचित्र घर-घर जाकर एवं दुकानों में जाकर पत्रक प्रदान किए। इस दौरान वे नगर के पौराणिक श्री सिद्धेश्वर मन्दिर पहुंचे और बाबा महादेव का पूजा अर्चना



कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर धीवर समाज के नगर अध्यक्ष डीपी धीवर, पार्षद डोमार सिंह वर्मा, पार्षद कुमार धीवर, पूर्व सभापति ताजेंद्र कनौजे, पूर्व पार्षद राजेंद्र साहू, सेवक राम धीवर, महेश कुमार धीवर, रामकुमार धीवर,मंजू धीवर, किशन धीवर, भागवत, अखिलेश, पुनीत, अशोक, टुकेश्वर, संतोष, जय प्रकाश व अन्य सामाजिक सदस्य शामिल हुए।

## दो उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# इतवारी राम यादव स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा शहर के इतवारी राम यादव बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं रामसागर वार्ड स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया, आधारभूत सुविधाएं तथा विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर कक्षाओं की



नियमितता, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर के प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है और जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, उसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।

### जिपं सभापति ने पूर्व माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण किया

**भाटापारा।** जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने पूर्व माध्यमिक स्कूल धुर्राबांधा व सुरखी का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की और उनकी पढ़ाई के बारे में जाना तथा उनकी आवश्यकताओं को ध्यान से सुना। शिक्षकों से बातचीत कर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के सुझाव लिए। स्कूल में साफ-सफाई, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर सभापति जायसवाल ने कहा कि यह केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति मेरी प्रतिबद्धता है। शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने की सबसे बड़ी ताकत है, और मैं यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहूंगा कि क्षेत्र का हर बच्चा बेहतरीन शिक्षा और सुविधाओं का हकदार बने। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, कोषाध्यक्ष पवन वर्मा, हेमन्त वर्मा, उपसरपंच पोषण यादव, घनाराम ध्रुव, शिक्षक राजेश शर्मा, प्रथम सिंह ठाकुर, यादव मैडम व स्कूल परिवार अन्य साथी उपस्थित थे।



